**एक नजर में**

## हरसूद में तीन दिवसीय 'आदिरंग' महोत्सव आज से, मंत्री डॉ. शाह-उईके रहेंगे मौजूद

**खंडवा।** जनजातीय कार्य विभाग और जिला प्रशासन खंडवा के संयुक्त तत्वावधान में 20 से 22 मार्च तक जनजातीय संस्कृति, लोक कला और शिल्प के अनूठे संगम का गवाह बनेगा नया हरसूद। महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ शुक्रवार शाम को प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम के दूसरे दिन 21 मार्च को केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जिसकी अध्यक्षता सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल करेंगे। समापन दिवस पर 22 मार्च को प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया मुख्य अतिथि होंगी। तीन दिनों तक चलने वाले इस सांस्कृतिक महाकुंभ में पिथौरा भीली जल कथा, वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य-नाट्य, धार का भगोरिया, हिमाचल की सिरमोरी नाटी, उड़ीसा का सिंगारी और पश्चिम बंगाल का नटुआ नृत्य प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

मंच के साथ-साथ यहां जनजातीय जनयोद्धाओं के शौर्य पर केंद्रित 'जननायक' प्रदर्शनी और गोंड कला पर आधारित 'माँ नर्मदा' चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## विधायक कंचन तनवे ने ग्राम पंचायतों को दिए वॉटर टैंकर



**खंडवा।** गुड़ी पड़वा और हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर पेयजल की बढ़ती मांग को देखते हुए विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कई ग्राम पंचायतों को वाटर टैंकर प्रदान किए गए।

इस अवसर पर अमलपुरा मंडल अंतर्गत ग्राम जसवाड़ी, बेड़ियांव, टीग्रयाव, सावखेड़ा और बोरगांव खुर्द तथा जावर मंडल अंतर्गत जामली सैयद, खेड़ीकित्ता नागचून और कोलगांव ग्राम पंचायतों को वाटर टैंकर वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान संबंधित ग्रामों के सरपंचों और ग्रामीणों ने विधायक श्रीमती तनवे का तिलक लगाकर और पुष्पहार से स्वागत किया।

विधायक तनवे ने कहा कि गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और त्योहारों के दौरान भी पानी की आपूर्ति सुचारू बनी रहे। कार्यक्रम में लोकेन्द्रसिंह गौड़, नानूराम माण्डले, दिनेश तनवे, जावर मंडल अध्यक्ष हरीश सेन और दुर्गेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 'छोटा मुंह-खरी बात' अभियान के तहत कॉलेज में किया कार्यक्रम



**खंडवा।** प्रवाह संस्था द्वारा संचालित छोटा मुंह-खरी बात अभियान के अंतर्गत श्री नीलकंटेश्वर महाविद्यालय में युवाओं के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खुला मंच प्रदान करना तथा लैंगिक समानता, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य एवं अधिकार, रूढ़िवादिता और सामाजिक बुराइयों जैसे मुद्दों पर खुलकर संवाद की पहल करना था।

इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम ने युवाओं को अपनी कला, अभिव्यक्ति और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रवाह संस्था की चेंजमेकर काजल इंदौरे तथा महाविद्यालय की छात्रा रिया पाटीदार और पियूष राठौर ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महाविद्यालय कार्यक्रम प्रबंधक प्रोफेसर दिलीप गंगराड़े, प्रोफेसर रश्मि फरे, डॉ. सचिन नागनपूरे तथा प्रवाह संस्था की कॉर्डिनेटर श्रद्धा पांडे उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों दीक्षा कुशवाह, मनीष ठाकुर, शिवम सिंह चौहान, सोहम राजपूत, प्रथम, अनामिका मालवीया, ज्योति चौकेकर सहित नारायण फरकले और राहुल यादव सहित अन्य साथियों का सहयोग रहा।

## विश्व गौरैया दिवस पर मनेगा जागरूकता उत्सव

**खंडवा।** पर्यावरण संतुलन और लुप्तप्राय पक्षियों के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से कल, 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर स्थानीय घंटाघर चौक में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुबह 11 बजे से प्रारंभ होने वाले इस आयोजन में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है, ताकि इस नन्हीं चिड़िया को बचाने के अभियान को जन-आंदोलन बनाया जा सके।

शिवसेना जिला प्रमुख गणेश भावसार ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि आधुनिक जीवनशैली और बढ़ते शहरीकरण के कारण गौरैया की घटती संख्या आज गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए इन पक्षियों का अस्तित्व अनिवार्य है और इसके लिए सामूहिक प्रयास ही एकमात्र समाधान हैं। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की जाएगी और नागरिकों को गौरैया के लिए कृत्रिम घोंसले व जल पात्र रखने जैसे छोटे किंतु प्रभावी कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इस पुनीत कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आलोक नायक, अधिवक्ता विष्णु अग्रवाल और गणेश भावसार ने संयुक्त रूप से शहरवासियों से आह्वान किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि खंडवा के जागरूक नागरिक इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर गौरैया संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के संकल्प को सफल बनाएंगे।

# बचपन से कृष्ण भक्ति में लीन रहने वाले याकूब ने अपनाया सनातन धर्म

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर याकूब खान ने सनातन धर्म स्वीकार कर शहर के महादेवगढ़ मंदिर में विधिवत अनुष्ठान के बीच हिंदू धर्म की दीक्षा ली। वैदिक मंत्रोच्चार और शुद्धिकरण के पश्चात अब वे सनातन परंपरा के ध्वजवाहक बन गए हैं।

**कृष्ण भक्ति ने दिखाई राह :** जानकारी के अनुसार, याकूब खान की रुचि बचपन से ही हिंदू धर्म ग्रंथों, भजन-कीर्तन और मंदिर संस्कृति में अधिक थी। वे भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने बताया कि उनकी अंतरात्मा हमेशा से ही भगवान कृष्ण और महादेव की भक्ति में रमी रही, जिसके चलते उन्होंने नव संवत्सर के प्रथम दिन को इस बड़े परिवर्तन के लिए चुना।



**विरोध के बीच अडिग रहा संकल्प :** सूत्रों की मानें तो याकूब के इस निर्णय का उनके परिवार में कड़ा विरोध हुआ, लेकिन याकूब अपने संकल्प पर अडिग रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्म और ईश्वर का चयन उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्मा की पुकार है। मंदिर में उपस्थित विद्वान पंडितों ने शास्त्रोक्त विधि से पूजन संपन्न कराया, जिसके बाद याकूब ने पूर्ण श्रद्धा के साथ हिंदू धर्म अपना लिया।

## न्याय और शौर्य के प्रतीक थे सम्राट विक्रमादित्य : मंत्री डॉ. विजय शाह

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** भारतीय नववर्ष और गुड़ी पड़वा के पर स्थानीय किशोर कुमार सभागृह में विक्रमोत्सव-2026 का आयोजन किया गया। सूर्य उपासना थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ब्रह्म ध्वज के वंदन के साथ किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. विजय शाह ने मुख्यमंत्री प्रदेश सरकार के विक्रमोत्सव आयोजन के निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की छवि एक सार्वभौमिक सम्राट की है । सम्राट विक्रमादित्य ने ही शक आक्रांताओं को धूल चटाकर विक्रम संवत की शुरुआत की थी, जो आज भी हमारी काल गणना का आधार है।

**हरसूद और खालवा को सौगात :** इस अवसर पर मंत्री डॉ. शाह ने जिले के लिए बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि हरसूद और खालवा में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 25-25 करोड़ रुपये की लागत से दो अत्याधुनिक ऑडिटोरियम स्वीकृत किए गए हैं।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'नट निमाड़' कला समूह द्वारा प्रस्तुत नाटक सम्राट विक्रमादित्य रहा। विजय सोनी के निर्देशन में कलाकारों ने सम्राट के जीवन, उनके शौर्य और न्याय प्रणाली को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथी विधायक कंचन मुकेश तन्वे और महापौर अमृता अमर यादव ने नागरिकों को गुड़ी पड़वा एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर बल दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेड़े, निगम





अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ डॉ नागार्जुन बी गौड़ा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित थे।

# तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान का भव्य आगाज



## मंत्री शाह ने टैगोर पार्क में श्रमदान कर किया शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जल स्रोतों के पुनर्जीवन और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे चरण का गुरुवार को खंडवा में शुभारभ हुआ। स्थानीय टैगोर पार्क में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने जल ग्रहण संरचना के निर्माण हेतु स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया। इस अवसर पर उन्होंने आह्वान किया कि जल संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जन-आंदोलन बनना चाहिए।

**30 जून तक चलेगा महा-अभियान :** उपस्थित जनसमूह और अधिकारियों को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ विजय शाह ने कहा कि आज पूरे प्रदेश के सभी जिलों, नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में नदियों व पारंपरिक जल स्रोतों के समीप विशेष कार्यक्रम आयोजित कर इस महा-अभियान की शुरुआत की गई है। लगभग साढ़े तीन माह तक चलने वाला यह अभियान आगामी 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य वर्षा ऋतु से पूर्व जल संरचनाओं को सुदृढ़ बनाना है ताकि भू-जल स्तर में सुधार हो सके।

**18 विभागों का रहेगा समन्वय :** कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने अभियान की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए बताया कि इस वृहद अभियान में शासन के कुल 18 विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग इस पूरे अभियान के लिए नोडल विभाग की भूमिका में रहेगा, जबकि नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग सह-नोडल विभाग के रूप में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा।

**गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति :** इस अवसर पर खंडवा महापौर अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, जिला पंचायत सीईओ डॉ नागार्जुन बी गौड़ा, नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत, समाजसेवी रितेश गोयल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन की शपथ भी ली।

## चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 20 टायर जब्त



**खंडवा।** मूंदी पुलिस ने टायर चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए 20 पुराने टायर तथा वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देश पर जिले में चोरी के अपराधों में शामिल आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार 14 जनवरी को फरियादी इमरान पिता इशाक पठान निवासी इदगाह मोहल्ला मूँदी ने अपनी दुकान से 20 पुराने टायर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर थाना मूँदी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कमर खान पिता अहमद खान उम्र 35 वर्ष एवं शाहिद पिता युसुफ खान उम्र 22 वर्ष निवासी आजाद नगर बुरहानपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने बुखारदास चौराहे के पास से पिकअप वाहन में टायर चोरी करना स्वीकार किया, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर 20 टायर कीमत लगभग 94 हजार रुपये तथा वाहन जब्त कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल खंडवा भेज दिया गया।

# सद्भावना मंच ने हिंदू नववर्ष की दी बधाई

**खंडवा।** सद्भावना मंच के सदस्यों द्वारा मालीकुआं स्थित मंच कार्यालय में हिंदू नववर्ष मनाया गया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नववर्ष की बधाइयां दीं और समाज में भाईचारे और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने उपस्थित सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सद्भावना मंच हमेशा समाज में सद्भाव और सहयोग के कार्य करता आया है और आगे भी इसी भावना के साथ कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि नया वर्ष अतीत की कटु बातों को भुलाकर सकारात्मक सोच के साथ भविष्य को अपनाने का अवसर देता है। कार्यक्रम के दौरान मंच के सदस्यों ने कराओके के माध्यम से गीत प्रस्तुत कर हिंदू नववर्ष का स्वागत किया और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व डीएसपी आनंद पाल तोमर, ओम पिल्लै, डॉ जगदीशचंद्र चौरे, सुनील चौरे, डॉ एम.एम. कुरेशी, अनूप शर्मा, देवेंद्र जैन सहित अनेक सदस्य और गणमान्य उपस्थित रहे।



## धनुका के 10वें स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



**खंडवा।** औद्योगिक क्षेत्र रुधी-भावसिंहपुरा स्थित धनुका (अनंत इरिगेशन) कंपनी के परिसर में आज हिंदू नववर्ष और संस्था के 10वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण लगाया गया।

सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए कंपनी द्वारा आयोजित इस छठे वार्षिक शिविर में जिला चिकित्सालय खंडवा की ब्लड बैंक टीम के सहयोग से कुल 51 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जबकि 70 से अधिक उत्साहियों ने अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एनके सेठिया ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित रक्तदान से न केवल हृदय की सेहत में सुधार होता है, बल्कि यह वजन नियंत्रित रखने में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने उपस्थित युवाओं का आह्वान किया कि वे इस मानवीय कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान कंपनी के चेयरमैन जितेन्द्र जैन सहित डायरेक्टर सीएस पाटिल, शेषमल जैन, जैकी पालीवाल और दीपक जैन ने सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। प्रबंधन ने डॉ. सेठिया, ब्लड बैंक अधिकारी डॉ शशांक तिवारी और उनकी पूरी चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समस्त नगरवासियों को हिंदू नववर्ष की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में गूंजा सुंदरकांड पाठ, तिलक लगाकर दी नववर्ष की बधाई

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के संकल्प के साथ स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कल्याणगंज में हिंदू नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा का पर्व गरिमामयी और धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित इस उत्सव में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में गुड़ी बांधकर और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया। इस पावन अवसर पर श्री मानस मंडल के सहयोग से सुंदरकांड के पाठ का आयोजन हुआ। पाठ के पश्चात सामूहिक आरती की गई और नववर्ष के सुखद भविष्य की कामना की गई।



धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत विद्यालय के आचार्य परिवार द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। टोली के रूप में शिक्षकों ने नगर के प्रमुख स्थानों जैसे अस्पताल चौराहा, पड़ावा, शनि मंदिर चौक सहित विभिन्न घरों में जाकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के ललाट पर तिलक लगाया। इस दौरान उन्होंने सभी को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए प्रसादी का वितरण किया।

नववर्ष का यह उल्लास केवल नगर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यालय परिवार ने बड़गांव माली, गोलजोशी, चमाटी, आबूद, कोरगला, शेखपुरा, सिरपुर और बोरगांव जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुँचकर ग्रामीणों को भारतीय काल गणना के महत्व से अवगत कराया और तिलक लगाकर खुशियां बांटीं। इस आयोजन में संस्था की प्राचार्य शोभा तोमर, प्रधानाचार्य दिलीप सपकाले, राधेश्याम चौहान, विद्यालय समिति के व्यवस्थापक रविन्द्र बंसल और भूपेंद्र चौहान सहित समस्त विद्यालय परिवार और आचार्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती कर सभी उपस्थित जनों को प्रसादी का वितरण किया गया।

